# बिहार सरकार
## नगर विकास एवं आवास विभाग

**श्री अमृत लाल मीणा, प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग की अध्यक्षता में दिनांक– 02.03.2016 को संपन्न राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (NULM) योजना की प्रगति समीक्षा बैठक की कार्यवाही:–**

---

➢ **EST&P घटकः**

1. द्वितीय चरण के तहत प्रशिक्षण प्रदाता संस्थाओं के चयन (Empanelment of STPs for 2nd phase) के संबंध में प्रधान सचिव महोदय के द्वारा चर्चा करते हुए निदेश दिया गया कि नये STPs का चयन यथाशीघ्र पूर्ण कर उनकी सूची तैयार कर संचिका में प्रस्तुत किया जाय।

2. पी0एम0सी0 द्वारा प्रधान सचिव महोदय को अवगत कराया गया कि औरंगाबाद, समस्तीपुर, खगड़िया, पूर्णियाँ एवं शेखपुरा नगर निकायों में कौशल प्रशिक्षण हेतु अबतक कोई कार्यादेश जारी नहीं किये गये हैं। इस संबंध में प्रधान सचिव महोदय द्वारा निदेश दिया गया है कि कार्यादेश जारी नहीं किये जाने का वास्तविक कारणों का पता कर अवगत कराया जाय।

➢ **SM&ID घटकः**

3. स्वयं सहायता समूह के गठन हेतु नगर निकायों में तैनात किये गये सामुदायिक संसाधन व्यक्तियों (Community Resource Person) के भुगतान ससमय हो सके इस हेतु नगर मिशन प्रबंधकों को संवेदनशील बनाने का निदेश दिया गया।

4. सामुदायिक संसाधन व्यक्तियों (Community Resource Person) को सतही स्तर पर कुशल संसाधन व्यक्ति के रूप में कार्य करने के लिए उन्हें प्रशिक्षित करने की आवश्यकता महसूस की गयी जिसके लिए प्रधान सचिव महोदय द्वारा स्थानीय संस्थान बामेती, पटना में CRPs के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कराने का निदेश पी0एम0सी0 को दिया गया।

5. स्वयं सहायता समूहों के क्षेत्र स्तरीय संघ (Area Level Organization) के निबंधन हेतु पी0एम0सी0 को निदेश दिया गया कि संबंधित रजिस्ट्रार से सम्पर्क कर निबंधन कार्य में गति प्रदान किया जाय। आवश्यकता पड़ने पर विभागीय पदाधिकारियों की बैठक रजिस्ट्रार के साथ सुनिश्चित कराकर ALOs का निबंधन यथाशीघ्र सुनिश्चित कराया जाय।

6. अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दिनांक 08.03.2016 को प्रस्तावित कार्यशाला में NULM Town के सभी क्षेत्र स्तरीय संघ (Area Level Organization) के मुख्य प्रतिनिधियों एवं नगर स्तरीय संघ (City Level Federations) के लीडर को आमंत्रित किया जाय।

7. स्वयं सहायता समूहों को दी जाने वाली चक्रचालित निधि की राशि रू. 10,000/– से बढ़ाकर रू. 50,000/– करने हेतु भारत सरकार को भेजे गये अनुरोध पत्र का पी0एम0सी फौलो–अप करे एवं इसका अनुमोदन आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त करें।

8. NULM के तहत शहरी क्षेत्रों में पात्र लाभुकों के चयन से संबंधित निति निर्धारण के संबंध में प्रधान सचिव महोदय द्वारा निदेश दिया गया कि जीविका, बिहार के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के लिए अपनाये गये मार्गदर्शक सिद्धांतों का विश्लेषण PMC एवं APMAS संयुक्त रूप से करें एवं NULM के तहत शहरी क्षेत्रों में पात्र लाभुकों का चयन किस आधार पर हो इससे संबंधित एक प्रतिवेदन तैयार कर विभाग को यथाशीघ्र उपलब्ध कराये।

9. शहरी क्षेत्रों में पात्र लाभुकों का चयन के लिए अंतरिम उपाय के रूप में तत्काल **राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013** के अन्तर्गत शहरी क्षेत्रों के कार्डधारियों को भी लाभुकों की सूची में शामिल किया जाय।

➢ **SEP & FI घटकः**

10. नगर मिशन प्रबंधन ईकाई (SMMU) में कार्यरत कर्मी को निदेशित किया जाय कि RSETIs के निदेशकों से सम्पर्क कर लाभुकों के स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने में गति प्रदान करें।

11. RSETIs के निदेशकों का Video Conference के माध्यम से बैठक का आयोजन यथाशीघ्र किया जाय।

12. अप्रैल 2016 में ● निदेशकों का एक राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन होटल चाणक्या, पटना में किया जाय।

13. जीविका, बिहार द्वारा अपनाये गये बैंक मित्र मॉडल के संबंध में चर्चा करते हुए प्रधान सचिव महोदय द्वारा निदेश दिया गया कि NULM योजना के SEP घटक के तहत भी इस मॉडल को अपनाया जाना चाहिए। पी0एम0सी0 इसकी व्यापकता का प्रतिवेदन तैयार कर विभाग को उपलब्ध कराये।

➢ **SUSV घटकः**

14. सभी TVC को यह परिपत्र (Circular) जारी किया जाय कि वे शहरी क्षेत्रों में वेंडिग जोन विकसित करें। साथ ही संस्था NASVI के द्वारा पहचान किये गये शहरी वेंडिंग जोन के प्रस्तावों की समीक्षा कर अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु संबंधित सभी नगर निकायों को निदेश जारी किया जाय।

➢ **अन्यः**

15. समीक्षा के दौरान प्रधान सचिव महोदय द्वारा इस माह की भौतिक प्रगति संतोषजनक बताया गया एवं पी0एम0सी0 की इसी गति से आगे भी कार्य करते रहने के लिए निदेश दिया गया।

16. वित्तीय प्रगति के संबंध में प्रधान सचिव महोदय द्वारा सभी घटकों में वित्तीय खर्च बढ़ानें की कार्ययोजना पर भी चर्चा की गयी एवं सभी घटकों में वित्तीय खर्च बढ़ाने का निदेश दिया गया। इस संबंध में NULM योजना के विभागीय नोडल अधिकारी श्री संजय कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी को समय–समय पर पी0एम0सी0 के साथ सभी घटकों की वित्तीय समीक्षा करने हेतु निदेशित किया गया।

17. पी0एम0सी0 को निदेश दिया गया कि जिन शहरों में नगर मिशन प्रबंध अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहें हैं उन्हें हटाकर योग्य नगर मिशन प्रबंधकों की तैनाती यथाशीघ्र करें। साथ ही जिन नगर निकायों का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है, उनकी भी यथोचित कारण सहित प्रतिवेदन तैयार किया जाय।

14/3

(अमृत लाल मीणा)
प्रधान सचिव

ज्ञापांकः ......199......./ न0वि0 एवं आ0वि0 दिनांकः ...15/3/16...

प्रतिलिपिः– टीम लीडर, PIMC-NULM/टीम लीडर, SPUR/टीम लीडर, APMAS/टीम लीडर, NASVI को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

14/3

प्रधान सचिव